**अभिव्यक्ति और माध्यम**
**सीबीएससी में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर**
**- आर.बाबूराज जैन पी.जी.टी.(हिंदी) ज.न.वि. पुदुच्चेरी**

**1.इलेक्ट्रॉनिक माध्यम की दो विशेषताएँ लिखिए। (CBSE-2016, 2017)**
1. यह विशाल क्षेत्र में पहुँच जाता है।
2. इसमें दृश्य व श्रव्य माध्यम हैं।
**2.संपादक के दो दायित्वों का उल्लेख कीजिए। (CBSE-2012, 2015, 2016)**
1. विभिन्न स्रोतों से प्राप्त समाचारों का चुनाव कर प्रकाशन योग्य बनाना।
2. तात्कालिक घटनाओं पर संपादकीय लेख लिखना।
**3. संपादकीय का महत्त्व समझाइए। (CBSE-2016, 2017)**
संपादकीय किसी भी समाचार पत्र की आवाज़ होता है। यह एक निश्चित जगह पर छपता है। यह समाचार पत्र की राय है।
**4. रेडियो माध्यम भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए। (CBSE-2016)**
1. रेडियो माध्यम की भाषा आम बोलचाल की होनी चाहिए।
2. इसमें सटीक मुहावरों का प्रयोग भी होना चाहिए।
**5. मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ क्यों कहा जाता है? (CBSE-2016)**
मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है क्योंकि यह जनसमस्याओं को शेष तीनों स्तंभों के सामने प्रस्तुत करता है तथा इन तीनों स्तंभों के कार्यों की समीक्षा भी करता है।
**6. अंशकालिक पत्रकार से आप क्या समझते हैं ? (CBSE-2015, 2017)**
अंशकालिक पत्रकार वे पत्रकार हैं जो किसी भी समाचार पत्र में स्थायी नहीं होते। ये एक से अधिक अखबारों के लिए सामग्री एकत्रित करते हैं।
**7. पेज थ्री पत्रकारिता क्या है? (CBSE-2014, 2015)**
पीत पत्रकारिता को ‘पेज थ्री’ पत्रकारिता कहा जाता है। यह प्राय: चरित्रहीनता से संबंधित होती है। इसमें सनसनीखेज़ खबर होती है।
**8. जनसंचार का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। (CBSE-2015)**
जब व्यक्तियों के समूह के साथ संवाद किसी तकनीकी या यांत्रिकी के माध्यम से समाज के एक विशाल वर्ग से किया जाता है तो इसे जनसंचार कहते हैं।
**9. आल इंडिया रेडियो की स्थापना कब हुई ? आजकल यह किस संस्था के अंतर्गत है? (CBSE-2015)**
आल इंडिया रेडियो की स्थापना 1936 ई० में हुई। आजकल यह फ्रिक्वेंसी मॉड्यूलेशन संस्था के अंतर्गत है।
**10. फ़ीचर के दो लक्षण लिखिए। (CBSE-2014, 2015)**
1. फ़ीचर एक सृजनात्मक, सुव्यवस्थित व आत्मनिष्ठ लेखन है जो पाठक को मनोरंजक रूप में जानकारी देता है।
2. इसकी भाषा सरल, आकर्षक व मन को छूने वाली होनी चाहिए।
**11. पत्रकार किसे कहते हैं? (CBSE-2015)**
वह व्यक्ति जो समाचार पत्र-पत्रिकाओं में छपने के लिए लिखित रूप में सामग्री देने, सूचनाएँ और समाचार एकत्र करता है, पत्रकार कहलाता है।

**12. डेडलाइन किसे कहते हैं? (CBSE-2014, 2015)**

अखबार में समाचार या रिपोर्ट को प्रकाशन हेतु स्वीकार करने के लिए एक निश्चित समय-सीमा होती है। इसी को डेड लाइन कहते हैं।

**13. वॉचडॉग पत्रकारिता से क्या आशय है? (CBSE-2015, 2017)**

वह पत्रकारिता जो सरकार के कामकाज पर निगाह रखती है तथा भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करती है, वॉचडॉग पत्रकारिता कहलाता है।

**14. ब्रेकिंग न्यूज का क्या आशय है? (CBSE-2015)**

ब्रेकिंग न्यूज वह है जो अत्यंत महत्त्वपूर्ण तथा तुरंत प्राप्त होती है। यह बहुत कम शब्दों में दर्शकों तक पहुँचाई जाती है।

**15. संचार प्रक्रिया में फीडबैक किसे कहते हैं और इसका क्या महत्त्व है? (CBSE-2015)**

कूटीकृत संदेश के पहुंचने पर प्राप्तकर्ता अपनी राय व्यक्त करता है। यही फीडबैक है। इससे संदेश के पहुँचने का पता चलता है।

**16. 'समाचार' शब्द को परिभाषित कीजिए। (CBSE-2017)**

समाचार किसी भी ऐसी ताज़ा घटना, विचार या समस्या की रिपोर्ट है जिसमें अधिक-से-अधिक लोगों की रुचि हो व असरकारक है।

**17. इंटरनेट की लोकप्रियता के दो कारणों का उल्लेख कीजिए। (CBSE-2015)**

1. यह संप्रेषण का बेहतरीन साधन है।
2. यह दृश्य, श्रव्य व भागीदारी का माध्यम है।

**18. किसी समाचार की प्रस्तुति में जनरुचि का क्या महत्त्व है? (CBSE-2015)**

समाचार पत्रों में जनरुचि के अनुसार ही खबरों को स्थान दिया जाता है। राजनीति, खेल, हिंसा, अर्थ आदि खबरें पाठक वर्ग की रुचि के अनुसार महत्ता पाती हैं।

**19. संपादन में वस्तुपरकता से क्या तात्पर्य है? (CBSE-2015)**

वस्तुपरकता का आशय है-समाचार, घटनाएँ तथा तथ्य उसी रूप में प्रस्तुत किए जाएँ, जिस रूप में वे घटित हुए हों। इनमें दबाव के कारण बदलाव नहीं आना चाहिए।

**20. कार्टून कोना किसे कहते हैं? (CBSE-2015)**

कार्टून कोना समाचार पत्र के कोने पर होता है। इसके माध्यम से की गई सटीक टिप्पणियाँ पाठक को छूती हैं। यह एक तरह से हस्ताक्षरित संपादकीय है।

**21. पत्रकार के दो प्रकार लिखिए। (CBSE-2015)**

पूर्वकालिक पत्रकार, अंशकालिक पत्रकार, स्वतंत्र पत्रकार ।

**22. एंकर बाइट किसे कहते हैं? (CBSE-2013, 2015, 2017)**

एंकर बाइट किसी घटना से संबंधित व्यक्तियों का वह कथन है जिसे घटना की सूचना व उसके दृश्य के साथ दिखाया जाता है ताकि खबर प्रामाणिक हो सके।

**23. विशेष लेखन क्या है? (CBSE-2012, 2013, 2015)**

किसी विशेषज्ञ द्वारा विषय पर लिखा गया विशेष लेख विशेष लेखन कहलाता है।

**24. जनसंचार का आधुनिकतम माध्यम क्या है? (Sample Paper-2014)**

इंटरनेट।

**25. फ़ीचर किसे कहा जाता है? (CBSE-2013, 2014, 2015)**
फ़ीचर एक सुव्यवस्थित, सृजनात्मक और आत्मनिष्ठ लेखन है जिसका उद्देश्य पाठकों को सूचना देने, शिक्षित करने के साथ मुख्य रूप से उसका मनोरंजन करना होता है।
**26. प्रमुख जनसंचार माध्यम कौन-से हैं? (CBSE-2013, 2015)**
रेडियो, टी०वी०, अखबार, इंटरनेट आदि।
**27. समाचार लेखन की बहुप्रचलित शैली कौन-सी है? (CBSE-2015)**
उलटा पिरामिड शैली।
**28. भारत में पहला छापाखाना कब और कहाँ खुला? (CBSE-2014)**
भारत में पहला छापाखाना 1556 ई० में गोवा में खुला।
**29. किन्हीं दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों के नाम लिखिए। (CBSE-2014)**
दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर, जनसत्ता।
**30. एनकोडिंग से आप क्या समझते हैं? (CBSE-2014)**
संदेश भेजने के लिए शब्दों, संकेतों या ध्वनि चित्रों का उपयोग किया जाता है। भाषा भी एक प्रकार का कोड है। प्राप्तकर्ता को समझाने योग्य कूटों में संदेश बाँधना एनकोडिंग कहा जाता है।
**31. 'फ़ोन इन' का आशय समझाइए। (CBSE-2017)**
फ़ोन-इन वे सूचनाएँ या समाचार हैं जो घटनास्थल पर मौजूद रिपोर्टर से फ़ोन पर बातें करके एंकर दर्शकों तक पहुँचाता
**32. पत्रकारिता में बीट' शब्द का क्या अर्थ है? (CBSE-2010, 2014)**
पत्रकारिता में खबरों के प्रकार को बीट कहते हैं जैसे-राजनीतिक, आर्थिक, खेल, फ़िल्म तथा कृषि आदि। इनके आधार पर संवाददाताओं को काम दिया जाता है।
**33. संपादकीय में लेखक का नाम क्यों नहीं होता? (CBSE-2014)**
संपादकीय में लेखक का नाम नहीं होता, क्योंकि यह व्यक्ति विशेष का विचार नहीं होता, बल्कि अखबार का दृष्टिकोण व्यक्त करता है।
**34. स्वतंत्र पत्रकार किसे कहा जाता है? (CBSE-2014, Sample Paper-2014)**
ऐसा पत्रकार किसी अखबार विशेष से न बँधकर भुगतान के आधार पर अलग-अलग अखबारों के लिए लिखता है।
**35. स्तंभ लेखन से आप क्या समझते हैं? (CBSE-2014)**
स्तंभ लेखन वे विचारपरक लेख हैं जो कुछ विशेष लेखकों द्वारा अपनी वैचारिकता को व्यक्त करने की अलग शैली है।
**36. पत्रकारिता की भाषा में मुखड़ा (इंट्रो) किसे कहते हैं ? (CBSE-2014, 2017)**
इंट्रो को पत्रकारिता की भाषा में मुखड़ा कहते हैं। इसे समाचार के पहले पैराग्राफ़ की शुरुआत दो-तीन पंक्तियों में 3-4 ककारों के आधार पर लिखा जाता है।
**37. एडवोकेसी पत्रकारिता क्या हैं? (CBSE-2014)**
इस पत्रकारिता में वे समाचार संगठन होते हैं जो किसी विधारधारा या किसी खास मुद्दे को उठाकर आगे बढ़ाते हैं और उसके पक्ष में जनमत बनाने के लिए जोर-शोर से अभियान चलाते हैं।
**38. संपादकीय किसे कहते हैं? (CBSE-2010, 2013, 2014)**
संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित होने वाला अनाम लेख को संपादकीय कहा जाता है। इसके जरिए अखबार अपनी राय प्रकट करता है।

**39. मुद्रित माध्यम की किसी एक विशेषता को स्पष्ट कीजिए। (CBSE-2013)**
मुद्रित माध्यम में स्थायित्व होता है।
**40. हिंदी में नेट पत्रकारिता में सबसे बड़ी अड़चन क्या है? (CBSE-2013)**
हिंदी में नेट पत्रकारिता की सबसे बड़ी अड़चन फॉन्ट है।
**41. ऐसे चार हिंदी समाचार पत्रों के नाम लिखिए जिनके वेब (नेट) संस्करण भी उपलब्ध हैं। (CBSE-2013)**
दैनिक भास्कर, अमर उजाला, दैनिक जागरण, पंजाब केसरी।
**42. समाचार लेखन के छह ककारों के नाम लिखिए। (CBSE-2017)**
समाचार लेखन के छह ककार हैं-क्या, किसके, कहाँ, कब, कैसे तथा क्यों।
**43. खोजपरक पत्रकारिता किसे कहा जाता है? (CBSE-2013)**
वह पत्रकारिता जो भ्रष्टाचार, अनियमितता, गड़बड़ी आदि को उजागर करती है, खोजपरक पत्रकारिता कहलाती है।
**44. मुद्रित माध्यम की एक विशेषता बताइए जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में नहीं है? (CBSE-2013)**
मुद्रित माध्यम में स्थायित्व होता है जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में नहीं है।
**45. हिंदी में प्रकाशित किन्हीं चार दैनिक समाचार पत्रों के नाम लिखिए। (CBSE-2012)**
दैनिक भास्कर, अमर उजाला, दैनिक जागरण, पंजाब केसरी।
**46. किन्हीं दो हिंदी समाचार चैनलों के नाम लिखिए। (CBSE-2010)**
आजतक, एबीपी, एनडीटी०वी० ।
**47. समाचार और फ़ीचर में क्या अंतर होता है? (CBSE-2010)**
समाचार में किसी घटना का यथातथ्य वर्णन होता है जबकि फ़ीचर का उद्देश्य पाठक को शिक्षित करने के साथ मनोरंजन करना भी है।
**48. विशेष लेखन के किन्हीं दो प्रकारों का नामोल्लेख कीजिए। (CBSE-2010)**
खेल, शिक्षा, व्यवसाय आदि।
**49. समाचार लेखन कौन करते हैं? (Sample Paper-2015)**
समाचार लेखन संवाददाता करते हैं।
**50. अखबार अन्य माध्यमों से अधिक लोकप्रिय क्यों हैं? एक मुख्य कारण लिखिए। (Sample Papper-20)**
अखबार अन्य माध्यमों से अधिक लोकप्रिय हैं क्योंकि इसमें स्थायित्व है। इसका प्रयोग सुविधानुसार किया जा सकता है।
**51. पत्रकारीय लेखन में सर्वाधिक महत्त्व किस बात का है?**
पत्रकारीय लेखन में सर्वाधिक महत्त्व समसामयिक घटनाओं की जानकारी पर है।
**52. वेब पत्रकारिता से क्या आशय है?(CBSE-2012)**
जो पत्रकारिता इंटरनेट के जरिए की जाए, उसे वेब पत्रकारिता कहते हैं।
**53. उलटा पिरामिड शैली क्या है? (CBSE-2012)**
वह शैली जिसमें महत्त्वपूर्ण तथ्यों के बाद घटते हुए महत्त्वक्रम से अन्य तथ्यों व सूचनाओं को लिखा जाता है। उलटा पिरामिड शैली होती है।
**54. इंटरनेट पत्रकारिता के दो लाभ लिखिए। (CBSE-2017)**
1. इसकी गति तीव्र होती है।

**2.** इसे कहीं भी पढ़ा जा सकता है।

**55. विशेष रिपोर्ट के मूलभूत तत्व क्या हैं? (CBSE-2012)**

गहरी छानबीन, तथ्यों का एकत्रीकरण, विश्लेषण तथा व्याख्या।

**56. पत्रकारिता की भाषा में साक्षात्कार का क्या आशय है? (CBSE-2011)**

पत्रकारिता में साक्षात्कार के जरिए समाचार, फ़ीचर, विशेष रिपोर्ट आदि के लिए कच्चा माल इकट्ठा किया जाता है। पत्रकार अन्य व्यक्ति से तथ्य उसकी राय व भावनाएँ जानने के लिए सवाल पूछता है।

**57. ड्राई एंकर से क्या तात्पर्य है? (CBSE-2011)**

ड्राई एंकर वह है जो समाचार के चित्र नहीं आने तक दर्शकों को रिपोर्टर से मिली जानकारी के आधार पर घटना से संबंधित सूचना देता है।

**58. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से क्या तात्पर्य है? (CBSE-2011)**

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में रेडियो, टेलीविज़न, कंप्यूटर, इंटरनेट आते हैं।

**59. रेडियो की अपेक्षा टी०वी० समाचारों की लोकप्रियता के दो कारण लिखिए। (CBSE-2011)**

**1.** टी०वी० पर चित्र होने के साथ समाचार अधिक विश्वसनीय हो जाता है।

**2.** इनके साथ दर्शक सीधे रूप से जुड़ जाता है।

**60. रेडियो नाटक से आप क्या समझते हैं? (CBSE-2010)**

रेडियो पर मनोरंजन के लिए प्रसारित होने वाले नाटक रेडियो नाटक कहलाते हैं।

**61. पत्रकारीय लेखन और साहित्यिक सृजनात्मक लेखन में क्या अंतर है?**

पत्रकारीय लेखन में पत्रकार पाठकों, दर्शकों व श्रोताओं तक सूचनाएँ पहुँचाने के लिए लेखन के विभिन्न रूपों का इस्तेमाल करते हैं, जबकि साहित्यिक सृजनात्मक लेखन में चिंतन के जरिए नई रचना का उद्भव होता है।

**62. फ़ीचर लेखन की भाषा-शैली कैसी होनी चाहिए? (Sample Paper-2009)**

फ़ीचर लेखन की भाषा, सरल, रूपात्मक, आकर्षक व मन को छूने वाली होनी चाहिए।

**63. पत्रकारिता का मूल तत्व क्या है? (Sample Paper-2009)**

पत्रकारिता का मूल तत्व लोगों की जिज्ञासा की भावना ही है।

**64. जनसंचार के प्रचलित माध्यमों में सबसे पुराना माध्यम क्या है? (CBSE-2009)**

मुद्रित माध्यम।

**65. फ़्लैश किसे कहते हैं? (CBSE-2009)**

वह बड़ी खबर जो कम-से-कम शब्दों में दर्शकों तक तत्काल महज सूचना के रूप में दी जाती है, फ़्लैश कहलाती है।

*****************